नैनो से नैन मिलाये | by Anjali Dwivedi

सांवरिया सांवरिया ....
जब जब भी बाबा तेरे नैनो से नैन मिलाये
नैना मेरे भर आये, नैना मेरे भर आये

याद करूँ मैं मेरा बीता ज़माना
कोई नहीं था बाबा मेरा ठिकाना
दर दर की लाखों मैंने ठोकर थी खाई
किस्मत मेरी तेरे दर पे ले आई
बाँहें फैला के मुझको अपने गले से लगाए
नैना मेरे भर आये, नैना मेरे भर आये

जिस दिन से थामा बाबा हाथ ये मेरा
दूर हुआ जीवन का अँधेरा
खुशियां ही खुशियां मेरे जीवन में आई
संग संग में रहता मेरे ज्यूँ परछाई
जान गया कैसे तू हारे को जीत दिलाये
नैना मेरे भर आये, नैना मेरे भर आये

रिश्ता बनाया है तो साथ निभाना
अपने बेटे को दिल से ने भुलाना
श्याम की बाबा बस ये ही तमन्ना
कृपा तुम्हारी कभी मुझपे हो काम ना
दिल के बातें अपने दिलबर को जब बतलाये
नैना मेरे भर आये, नैना मेरे भर आये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a5%88%e0%a4%a8%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a5%88%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-by-anjali-dwivedi/